# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

### आदेश

पत्रांक–भ0मु0अभि0गु0अनु0–20 / 2019–.............304/ पटना, दिनांक– 12/9/25 /

भवन निर्माण विभाग के अन्तर्गत कराये जा रहे सभी निर्माण एवं जीर्णोद्धार संबंधी कार्यो की गुणवत्ता, अनुमोदित प्राक्कलन में दिये गये निर्धारित मापदण्ड के तहत् उपयोग में लाये जाने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता, कार्य समाप्ति हेतु निर्धारित समय–सीमा तथा प्राप्त शिकायतों/परिवादों की जाँच करने हेतु औचक निरीक्षण कर एवं कार्य की प्रगति का विश्लेषण कर प्रतिवेदन विभाग को समर्पित करने के लिए विभागीय स्तर पर विभागीय आदेश पत्र सं0–6849(भ), दिनांक–22.07.2025 द्वारा औपबंधिक रूप से पूर्व में तीन (05) उड़नदस्ता दल का गठन किया गया था। विभागीय ज्ञापांक–7973(भ), दिनांक–26.08.2025 के द्वारा उड़नदस्ता दल सं0–01 के सदस्य के रूप में नामित **श्री धीरेन्द्र मोहन, सहायक निदेशक (असैनिक), गुणवत्ता अनुश्रवण, पटना का कार्यालय को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जा चुका है।** जिस कारण उक्त दल में मात्र एक(01) सहायक अभियंता नामित है। परिणामस्वरूप शेष उड़नदस्ता दलों एवं पूर्व में निर्गत आदेश को यथावत् रखते हुये वर्तमान में उड़नदस्ता दल सं0–01 में सदस्य के रूप में **श्री मोहन** के स्थान पर **श्री दिनेश सिंह, सहायक निदेशक (दक्षिण), गुणवत्ता अनुश्रवण, पटना को नामित किया जाता है।**

**प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।**

ह0 / –
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– पटना, दिनांक–
**प्रतिलिपिः**–संबंधित सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 8611 (भ) पटना, दिनांक– 12/9/25
**प्रतिलिपिः**–आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12.IX.25

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

KA-25